तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 1 मार्च 2025




14 21 प्रकार के दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन के लिए...




14 अतिसंवेदनशील क्षेत्र के युवाओं को दूसरे ...



## खबर संक्षेप

### पहाड़ी में तेंदुए की आमद शिवनगर में दहशत



**कांकेर।** गढ़िया पहाड़ के बाद 28 फरवरी को दोपहर 3 बजे के आसपास शिवनगर की पहाड़ी पर तेंदुआ आराम फरमाते हुए नजर आया। तेंदुआ को देख मुहल्लेवासियों में दहशत का माहौल देखा गया, उसका बड़ा कारण यह है कि शिव नगर में कई लोग पहाड़ पर मकान बनाकर रहने लगे है। तेंदुआ को देखने और उसे मोबाईल कैमरे में कैद करने के लिए दोपहर को लोग अपनी छतों पर डटे रहे। पिछली बार तेंदुआ जब आया था, कई घरों के कुत्तों को उठाकर ले गया था।

### स्वास्थ्य संयोजक संघ ने स्थापना दिवस मनाया



**दुर्गूकोंदल।** स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 28 फरवरी को स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण किया गया तथा मरीजों की स्वास्थ्य बेहतर रूप से हो उसकी कामना स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के द्वारा किया गया। इस अवसर पर दुर्गूकोदल ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र कुमार गोयल, सचिव राधेश्याम कांगे, सह सचिव ललित मांझी, कल्पना जुर्री एवं समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### वातावरण निर्माण प्रशिक्षण आयोजित



**दुर्गूकोंदल।** सामुदायिक भवन दुर्गूकोंदल में समग्र शिक्षा के अंतर्गत समावेशी शिक्षा के तहत दो दिवसीय वातावरण निर्माण प्रशिक्षण प्रशिक्षण का आयोजन 27 फरवरी को किया गया। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी एवं खंड स्त्रोत समन्वयक लतीफ कुमार सोम के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र में समक्ष दीप प्रज्वलित प्रशिक्षण का शुरूआत किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस साइन लैंग्वेज, दिव्यांगता के होने वाले कारण वह मानसिक मंदता वाले बच्चों के बारे में बताया गया। 21 प्रकार की दिव्यांगता के पहचान एवं चिन्हांकन के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में 130 शिक्षक सहायक शिक्षक प्रधानाध्यापक व्याख्याता ने भाग लिया। प्रशिक्षण का समापन खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे द्वारा किया गया।

### तीन निरीक्षक एवं दो उप निरीक्षकों का स्थानांतरण

**कांकेर।** आचार संहिता खत्म होते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला ने 3 निरीक्षक एवं 2 उपनिरीक्षकों का स्थांतरण किया। जारी आदेश के तहत निरीक्षक जितेंद्र साहू को चारामा थाना की नई जिम्मेदारी सौंपी गई, इससे पहले वे बांदे थाना में पदस्थ थे। थाना चारामा के प्रभारी दिलेश्वर चंद्रवंशी को रक्षित केंद्र स्थांतरित किया गया। लोहत्तर थाना के नए प्रभारी उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण नामदेव होंगे वहीं निरीक्षक मनीष नेताम को बांदे थाना की जिम्मेदारी सौंपी गई। उप निरीक्षक आलोक सुबोध को रक्षित केंद्र से थाना कांकेर भेजा गया।



### उप सरपंच के लिए ग्राम पंचायतों में सुगबुगाहट

**दुर्गूकोंदल।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न होने के बाद ग्राम पंचायत में सरपंच और पंच का नाम प्रकाशन शेष पेज 13 पर

# कांकेर जनपद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए गुणाभाग और लाबिंग

## 16 जनपद सदस्यों में 9 पर भाजपा और 8 पर कांग्रेस का दावा, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष कौन होगा पर बना है रहस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जनपद पंचायत कांकेर में भाजपा से संबंद्व जीतने वाले जनपद सदस्यों की संख्या अधिक है, परंतु समन्वय नहीं बन पाने के कारण दिक्कतों का दौर जारी है। भाजपा संगठन इस मामले पर ध्यान नहीं देता है, तो यह तय है कि कांकेर जनपद पंचायत में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा का नुकसान उठाना पड़ सकता है। इस मामले में यह भी चर्चा है कि जिम्मेदार ही गणित बिगाड़ने में लगे हुए है।

जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत कांकेर में 16 सदस्य जीतकर आएं है। भाजपा के पदाधिकारी 9 सदस्य के जीतने का दावा कर रहे है वहीं कांग्रेस भी 8 सदस्य के जीतने का दावा कर रहे है। भाजपा की स्थिति मजबूत है और सरकार भी भाजपा की है। भाजपा के सीनियर नेताओं ने सही ढंग से गणित तैयार किया तो अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष भाजपा का बनना तय है। भाजपा के जिम्मेदार ही अध्यक्ष व उपाध्यक्ष अपने सगा को बनाने के लिए खींचतान किया, तो ऐसे में समीकरण बिगड़ेगा और कांग्रेस उसका फायदा उठा सकती है। भाजपा के जिम्मेदारों को निगरानी करनी होगी, अन्यथा समीकरण बिगड़ने में देर नहीं लगेगा। भाजपा के पूर्व पदाधिकारी अपने खेमे के लोगों को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनाने को लेकर पूरे जिले में सक्रियता दिखा रहे है, उससे नुकसान ही होने की ज्यादा संभावना दिख रही है, भाजपा खेमे में ऐसी चर्चाएं ज्यादा बनी शेष पेज 13 पर




### भाजपा में दो और कांग्रेस में सिंगल नाम की चर्चा

*सूत्रों की मानें तो भाजपा अध्यक्ष के लिए राजेश्वरी नेताम और पूर्णिमा कावड़े का नाम सामने आया है, वहीं उपाध्यक्ष के लिए तारणी ठाकुर और पंचूराम नायक का नाम अभी तक सामने आया है। कांग्रेस में अध्यक्ष को लेकर ज्यादा जोर अजमाईश किसी के द्वारा करते हुए नजर नहीं आ रहा है। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए हेमलता जीत कवाची को और उपाध्यक्ष के लिए रोमनाथ जैन को प्रत्याशी बना सकते है। यह तो नामांकन के दिन ही सही तस्वीर स्पष्ट हो पाएगी, परंतु राजनैतिक गरमाहट व चर्चाएं बनी हुई है।*

## सुरक्षा : प्रदेश के पूर्व सीएम ने घोषणा की पर एक साल बाद भी नहीं खुला थाना

# विधायक के प्रयास से सरोना के लिए थाना स्वीकृत, अब जगह की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- दस साल पुरानी माँग पूरी, ग्रामीणों ने विधायक व सीएम का जताया अभार

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नरहरपुर ईलाके में चुनाव के लगभग एक साल पहले भेंट मुलाकात कार्यक्रम में सरोना थाना स्वीकृति की घोषणा किया था, परंतु यह घोषणा जमीन पर नहीं उतर पाई और कांग्रेस के कार्यकाल में थाना नहीं खुल पाया। विधायक आशाराम नेताम से ग्रामीणों ने माँग किया और उन्होने ग्रामीणों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सरोना में थाना स्वीकृत करवाने में कामयाब रहे और थाना के अंतर्गत आने वाले गांव का भी राजपत्र में प्रकाशन हो चुका है। पुलिस विभाग की मानें तो जल्द सरोना में थाना प्रारंभ हो जाएगा।

जानकारी के अनुसार नरहरपुर के गांव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भेंट मुलाकात कार्यक्रम में सरोना में थाना स्वीकृति की घोषणा किया था, परंतु उनकी घोषणा कागजों में एक साल से ज्यादा समय तक दौड़ती रही, जमीन पर नहीं उतर पाई। विधानसभा कांकेर से भाजपा के आशाराम नेताम के विधायक बनने के उपरांत विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि सरोना में थाना खोलने के लिए पूर्व सीएम ने घोषणा किया था, परंतु आज तक पूरा नहीं हुआ है। हम लोगों को कांकेर जाना पड़ता है। विधायक ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संज्ञान में लाया शेष पेज 13 पर




### ग्रामीणों की माँग हुई पूरी



*विधायक आशाराम नेताम ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में प्रवास के दौरान ग्रामीणों ने माँग किया था कि सरोना में थाना होना चाहिए। ग्रामीणों की माँग को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के समक्ष मैंने माँग रखा, उन्होने हमारी और क्षेत्रवासियों की माँग को पूरा किया। मेरे विधानसभा क्षेत्र की जनता ने माँग को पूरा करने पर सीएम का आभार माना है।*

### सरोना थाना में यह गाँव रहेंगे शामिल

धनेसरा, भैसमुंडी, पेंड्रावन, अभनपुर, देवरी बालाजी, मानिकपुर, झलियामारी, सोनपुर, बरकई, कापसपोटी, भिरौद, सरोना, चोरिया, दलदली, कन्हनपुरी, डंवरखार, मुड़पार दखनी, लेण्डारा, सारण्डा, ठेमा, निशानहरा, लारगांव मरकाटोला, पुरियारा, बांसपतर, छिंदखड़क, झूलनतेंदू, करप, बुदेली, पोखरु साल्हेभट, कुम्हानखार, सिंगनपुर, रावस, खल्लारी, तिरियारपानी और अंजनी ग्राम शामिल होंगे।

### सरोना थाना जल्द प्रारंभ किया जाएगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला ने बताया कि पुलिस मुख्यालय से सरोना में थाना स्वीकृति का आदेश जारी हो चुका है। थाना सरोना का क्षेत्राधिकार का भी प्रकाशन हो चुका है। विभाग के द्वारा सरोना में अस्थायी भवन की तलाश जारी है। भवन मिल जाने के उपरांत जल्द ही थाना प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# पुसवाड़ा पंचायत चुनाव को बाधित करने पर पूर्व सरपंच सहित सहयोगी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पंचायत चुनाव में पुसवाड़ा में चुनाव करवाने वाले अधिकारी व पुलिस पार्टी पर हमला करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली। पुलिस ने दोनो आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार शास उमावि भर्रीटोला में व्याख्याता एलबी के पद पर पदस्थ अशोक गोटे की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में रिटर्निंग अफिसर कांकेर के आदेशानुसार मतदान सम्पन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारी के रूप में मतदान दल के साथ मतदान केंद्र पुसवाड़ा में 17 फरवरी को सरपंच पद के प्रत्याशियों को मतो की संख्या बताने के बाद सरपंच पद की कम वोट प्राप्त प्रत्याशी रूखमणी कोसम, रोहित नेताम , तोमेश यादव और उसके 40-50 साथियों द्वारा रात्रि करीब साढ़े 8 से रात 10 बजे तक एक राय होकर मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने एवं मत पेटी छीनने की नियत से शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर शासकीय कर्मचारियों पर प्रहार कर अश्लील गाली गलौज कर मारपीट कर चोट पहुंचाने एवं शासकीय संपत्ति को क्षतिग्रस्त करने के संबंध में लिखित आवेदन पत्र पेश करने पर थाना कांकेर में अपराध क्रमांक 54/2025 धारा 191(2),191(3), 296,115(2), 221,121(1), 132,126(2), 127(2), 324(3), 309(6) शेष पेज 13 पर

# पालिका अध्यक्ष, भाजपा पदाधिकारी और पार्षदों ने युवराज व कलेक्टर से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगर पालिका के नवनिर्वाचत अध्यक्ष एवं पार्षद एवं भाजपा के जिला पदाधिकारियों ने राजमहल में युवराज और कलेक्टर से मुलाकात कर शहर के विकास व अन्य मुद्दों पर चर्चा कर कांकेर को विकास के पटल पर अग्रणी स्थिति में लाने पर मंथन किया गया।

भाजपा संगठन एवं नगर पालिका के नवनिर्वाचत अध्यक्ष एवं पार्षद का प्रतिनिधि मंडल 28 फरवरी को कांकेर राजमहल में युवराज कुमार अश्वनी प्रताप सिंह देव से मुलाकात किया । उन्होंने युवराज से शहर के विकास व अन्य मुद्दो पर चर्चा कर कांकेर को विकास के पटल पर अग्रणी स्थिति में लाने की बात कही। राजमहल के बाद भाजपा का प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से मुलाकात किया। कलेक्टर से शहर की समस्या, विकास, विस्तार सहित विभिन्न मुद्दो पर सार्थक चर्चा किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन और नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि राजमहल में युवराज से सौजन्य मुलाकात कर शहर के विकास के संबंध में चर्चा किया और उनकी राय भी लिया। इसके अलावा कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर से शहर व शेष पेज 13 पर





# पुना पर्रियान में फिजिकल दक्षता की तैयारी कैंप में 167 प्रतिभागी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

क्षेत्र के युवाओं को फिजिकल दक्षता की तैयारी के लिए भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम चौगेल में शारीरिक दक्षता की तैयारी के लिए दो दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें पंजीकृत कुल 173 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की पहल पुना पर्रियान योजना के तहत क्षेत्र के ऐसे युवा छात्र जो सेना अग्निवीर, जल, थल, वायु सेना भर्ती, पुलिस एसआई भर्ती, पुलिस आरक्षक भर्ती, वनरक्षक भर्ती या ऐसे परीक्षा की तैयारी के लिए दो दिवसीय कैंप का आयोजन हुआ। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि इन छात्रों की फिजिकल तैयारी के लिए विशेषज्ञों के द्वारा फिजिकल गतिविधियां कराया गया है। पूर्व में आनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसमें 262 छात्रों ने रूचि दिखाई थी। इन सभी प्रतिभागियों को ईमेल, कॉल कर तथा व्हाटसअप ग्रुप के माध्यम से मैसेज कर जानकारी शेष पेज 13पर



### इच्छुक युवकों को दें अवसर



जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि स्थानीय युवा जो फोर्स में जाने के इच्छुक होते हैं, उन्हें अवसर प्रदान करने के लिए कैंप का आयोजन किया गया है। वर्तमान में इनमें से स्पेशल 100 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा, जिसमें 50 बालक एवं 50 बालिका वर्ग से होंगे। इसके साथ ही संख्या में कमी अथवा वृद्धि भी किया जा सकता है। इसकी पूर्ण तैयारी आगामी माह में कर ली जाएगी तथा अप्रैल माह से इसे मूर्तरूप देने का प्रयास किया जाएगा। प्रतिभागियों की फिजिकल एवं मेंटल एबिलिटी के लिए बाहर से विशेषज्ञों की टीम भी बुलाया जाएगा। समय-समय पर वर्कशाप एवं सेमिनार के माध्यम से प्रतिभागियों को मोटिवेट कर कार्यक्षमता में वृद्धि करने की कार्ययोजना है। कैंप के जर्जर भवनों की मरम्मत व जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। जिला प्रशासन भी इस पूना पर्रियान (नई उड़ान) की सतत मानिटरिंग एवं सुपरविजन किया जा रहा है।

## नशे के सौदागरों की कुंडली बनाकर संपत्ति कर सकते हैं जब्त

# सूखा नशा व मादक पदार्थों की चपेट में है शहर का युवा वर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

समाज के लिए परेशानी का कारण बन चुके मादक पदार्थ व दवाईयों की खरीदी-बिक्री करने वाले तस्करों पर अंकुश लगाने की जरूरत है। शहर व ग्रामीण ईलाके के युवा इस तरह के नशे के आगोश में समा रहे है। नशे के रूप में सप्लाई होने वाली दवाईयां अब केवल एक डोज ही दिया जा रहा है। सप्लाई करने वाले इतने चतुर हो गए है कि उन तक पुलिस का पहुँच पाना बहुत मुश्किल हो रहा है। प्रतिबंधित नशीला टेबलेट के साथ नशीली सीरप, शराब, गांजा के साथ अन्य तरह के मादक पदार्थ की माँग ज्यादा है।

जिले में मादक पदार्थ के चलते युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। इसके चलते घरों में भी विवाद बढ़े है। मादक पदार्थ का सेवन करने वालों के गुट बने हुए है। दिन हो या रात, वे किसी भी समय मादक पदार्थ का सेवन करते रहते है। शहर के सार्वजनिक स्थलों पर ऐसे युवाओं का जमावड़ा देखा जा सकता है। पुलिस के लिए भी यह चैलेंज बना हुआ है, पुलिस इस मामले में भी कार्यवाही करना चाह रही है, परंतु मदद के लिए कोई सामने नहीं आ रहा है। नशे के रूप में सबसे ज्यादा दवाईयों का उपयोग किया जा रहा है। वाट्सएप के माध्यम से यह व्यापार ज्यादा ही फल फूल रहा है। वाट्सएप के माध्यम से दवाई की माँग किया जाता है और उसे बताए गए स्थल पर केवल एक डोज शेष पेज 13 पर



### शहर के जिम्मेदार को आगे आना होगा

शहर के जनप्रतिनिधियों, समाज के प्रमुख लोगों और बुद्धजीवियों को भी इस विषय पर चिंतन करने की जरूरत है, इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो शहर का युवा निरंतर नशे की आगोश में समाते जाएगा और युवा पीढ़ी किसी काम लायक नहीं बनेगी। इस विषय को लेकर हर वर्ग को अब गंभीर होने की जरूरत है और शहर में युवाओं को बिगाड़ने का जो षडयंत्र चल रहा है, उसे रोकने लिए जिम्मेदार लोगों का आगे आना होगा।

### बिलासपुर में हो चुकी है कार्रवाई

स्मगलर एंड फारेन एक्सचेंज मेनुपुलेटर्स एक्ट (सफेमा) 1976 के तहत सबसे पहले बिलासपुर में कार्यवाही हुई और अब रायपुर में भी कार्यवाही करने की तैयारी शुरू कर दिया है। पिछले दिनों बिलासपुर में पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 15 तस्करों की सवा चार करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त किया है। उसी तर्ज पर कांकेर में भी पुलिस कार्रवाई करती है तो तस्करी करने वालों को डर महसूस होगा। जिला बदर का भी प्रभाव देखने को नहीं मिल रहा है।


## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने साल 2025 के लिए किया स्थानीय अवकाश घोषित

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कोण्डागांव जिले के लिए कैलेण्डर वर्ष 2025 के लिए 4 स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार कोण्डागांव मेला 4 मार्च दिन मंगलवार को कोण्डागांव एवं फरसगांव अनुभाग के लिए एवं केशकाल मेला 1 अप्रैल दिन मंगलवार को केशकाल अनुभाग के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इसी प्रकार नवाखानी 1 सितंबर दिन सोमवार को एवं गोवर्धन पूजा दीपावली का दूसरा दिन 21 अक्टूबर दिन मंगलवार को संपूर्ण कोण्डागांव जिला के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

### बंद लिफ्ट में मिली लाश

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के मददेड़ क्षेत्र इज्जागिरी निवासी 45 वर्षीय ओम प्रकाश को मिर्गी का उपचार कराने 16 फरवरी को डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। उसके बाद 20 फरवरी को अस्पताल के गायब हो गया, जिसकी तलाश के उसके परिजन पता चलाया पर नहीं मिली, इस परिजनों ने परपा पुलिस थाना में गुमसुदा लिखवाया। 27 फरवरी की शाम लगभग 4 बजे मेकाज के बंद लिफ्ट में उसकी लाश मिली, मेकाज के पुलिस चौकी ने प्रकरण दर्ज कर शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### वैज्ञानिक सोच विकसित करने की दी गई जानकारी



**कोण्डागांव।** बच्चों को विज्ञान शिक्षा के प्रति आकर्षित करने व बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से महान वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन के रमन प्रभाव की खोज की उपलब्धि पर 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन प्राथमिक विद्यालय जोन्दरा पदर में किया गया। प्रधानपाठक मधु तिवारी ने प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण के के संरक्षण संवर्धन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के महत्व व उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। महान वैज्ञानिक चन्द्रशेखर वेंकटरमण जिन्हें उनकी महान खोज रमन प्रभाव के लिए 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित की जीवनी से बच्चों को परिचित कराया। अंधविश्वास से दूर रहने व अपने दैनिक जीवन मे विज्ञान आधारित सिद्धांत को मानने पर बल दिया। बच्चों को भारत के अंतरिक्ष मे बढ़ते कदम, मिशन चन्द्रयान ,सौर मंडल, वायु प्रदूषण, गर्मियों में जल संरक्षण के महत्व आदी विषयों के प्रति जागरूक किया।

# गर्मी के पहले ही प्राणदायिनी इन्द्रवती नदी में जलस्तर होने लगा कम, गहराने लगा जलसंकट

## प्रभावित क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीण कलेक्टर-कमिश्नर से मिले, किसानों ने जोरा नाला के एनीकेट खोलने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती नदी का जलस्तर लगातार कम होता जा रहा है, जिससे जलसंकट गहराने लगा है। मिनी नियाग्रा के नाम से मशहूर चित्रकोट जलप्रपात फरवरी माह से ही जल संकट की स्थिति में है। चोकर, करमरी आड़ावाल, नारायणपाल, भौंड, लामकेर सालेमेटा, झारतराई, नदी सागर, बड़े चकवा, बोड़नपाल एक, पराली, छापर भानपुरी, कोंडालूर, घाटधनोरा, टिकरा धनोरा, तारागांव, तोतर, सिंघनपुर, पोटानार, देउरगांव एवं अन्य गांवों के दर्जनों किसान काफी परेशान होकर कमिश्नर, कलेक्टर से मुलाकात कर सात बिंदु का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ओडिशा स्थित सुतपदर गांव में बने जौरा नाला एनीकट को खोल दिया जाए। ओडिशा के खातीगुड़ा बांध, तेलांगिरी परियोजना और भस्केल बैराज से इंद्रावती नदी में पानी छोड़ा जाए। इंद्रावती नदी के सभी एनीकेट प्रभारियों को हटाया जाकर नई नियुक्ति किया जाए। सूखी फसलों का सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिया जाए। तोकापाल ब्लॉक देऊरगांव में 127 करोड़ की लागत से बैराज का निमार्ण कराया जाए। केंद्र सरकार, राज्य सरकार के मंत्री तथा अफसरों को चित्रकोट जल प्रपात को दिखाने के लिए एनीकटों का पानी को नहीं छोड़ा जाए। एनीकट का पानी को छोड़ने के पूर्व किसानो को सूचित किया जाए। ओडिशा और राज्य के बीच इन्द्रावती नदी को लेकर बने अनुबंध के अनुसार 50 प्रतिशत बस्तर को पानी दिया जाए।

### मंत्रियों को दिखाने के लिए एनीकट खोला गया

किसान पूरन सिंह कश्यप ने बताया कि विगत दिनों में बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक में जगदलपुर पहुंचे राज्य के नेताओं को दिखाने के पूरे एनीकट को खोला गया। पूरा पानी बहकर चला गया है। इस प्रकार से जल संसाधन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। नारायणपाल निवासी लक्ष्मण बघेल ने बताया कि इंद्रावती नदी सूखने से हमारे गांव के अलावा कई गांवों के लोग इंद्रावती नदी के पानी की समस्याओं से जूझ रहे हैं। स्वंय 7 एकड़ में मक्का फसल लगाया है। पानी नहीं होने से फसल सूखने के कगार में है। किसान लक्ष्मण के मुताबिक खेती करने के लिए कर्जा लिया है, मेरे माता - पिता पानी की समस्या से चिंता में है।



**ये रहे उपस्थित** : इस दौरान लखेश्वर कश्यप, सोनू कश्यप, सुभाष कश्यप, पूरन सिंह कश्यप, कृपालु कश्यप मंगल कश्यप, लक्ष्मण बघेल, कमलोचन ठाकुर, चंदन बघेल, भारत ठाकुर, रतन बघेल, राजू ठाकुर मनीराम बघेल, खगेश्वर मौर्य, समंदू बघेल, मुन्ना बघेल, दुकारू ठाकुर, सुलधर बघेल, डमरू बघेल, बामदेव बघेल, आसमन बघेल आदि किसानों उपस्थित थे।

## आत्मसमर्पण : समर्पित नक्सली टेकलगुड़ा, मिनपा, धर्मावरम जैसे बढ़े मुठभेड़ में थे शामिल

# नक्सल दंपति समेत 32 लाख के 7 ईनामी नक्सलियों ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बिना हथियार के किया समर्पण, मिली 25-25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि

जिला मुख्यालय सुकमा में शुक्रवार को एसपी किरण चव्हाण के समक्ष पीएलजीए बटालियन नंबर एक के नक्सल दंपति समेत 7 नक्सलियों ने समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों में 3 पर 8-8 लाख रुपए तथा 4 पर 2-2 लाख रूपए का ईनाम घोषित था। समर्पित नक्सली टेकलगुड़ा, मिनपा, धर्मावरम जैसे बढ़े मुठभेड़ में शामिल थे जिनकी पुलिस को लबें समय से तलाश थी।

शासन की नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव से सभी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। आत्मससमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में नक्सल सेल आसूचना शाखा टीम, थाना दोरनापाल एवं 131, 241, बटालियन सीआरपीएफ, आरएफटी सुकमा की विशेष भूमिका रही। सभी नक्सलियों ने शुक्रवार को एसपी किरण चव्हाण, कमाण्डेंट 241 बटालियन हरविंदर सिंह, टूआईसी सुरेश कुमार पायल, टूआईसी 131 बटालियन अमित प्रकाश, एएसपी अभिषेक वर्मा, डीएसपी मनीष रात्रे व एसआईरवि कुमार 241 बटालियन सीआरपीएफ



### समर्पित नक्सलियों में बटालियन नम्बर एक व दस के मेंबर शामिल

नक्सल संगठन में सक्रिय 2 महिला समेत 7 नक्सलियों ने समर्पण किया इनमें 8 लाख का ईनामी हेमला हिड़मा उर्फ वागा 38 वर्ष बटालियन नंबर 1 हेड क्वार्टर कम्पनी नंबर 3, प्लाटून नंबर 2 सेक्सन बी का पीपीसीएम तथा सीसीएम माड़वी हिड़मा का गार्ड कमाण्डर के अलावा हेमला हिड़मा की पत्नी 8 लाख की ईनामी महिला रव्वा मूके उर्फ भीमे 36 वर्ष पीएलजीए बटालियन नम्बर 1 व प्लाटून नम्बर 2 की सेक्शन बी पीपीसीएम जिनके बीच नक्सल संगठन में रहने के दौरान प्यार हुआ और दोनों ने प्रेमविवाह कर लिया था। इसके अलावा 8 लाख का ईनामी बारसे सोना 24 वर्ष पीपीसीएम दक्षिण सब जोनल ब्युरो मोपोस टीम इंचार्ज व बटालियन नंबर 1 का राजनीति इंचार्ज, एसजेडसीएम सन्नू दादा का गार्ड के अलावा 2-2 लाख के ईनामी उईका लालू 22 वर्ष प्लाटून नंबर 10 का मेंबर तथा पूर्व में पश्चिम बस्तर डिवीजन के कम्पनी नंबर 2 का इंचार्ज एसजेडसीएम, महिला माड़वी कोसी 27 वर्ष पामेड़ एरिया कमेटी कृषि शाखा सदस्या, मड़कम हुंगा मोरपल्ली आरपीसी सीएनएम अध्यक्ष, तथा मुचाकी बुधरा पूवर्ती आरपीसी मिलिशिया कमाण्डर शामिल है।

### इन घटनाओं में थे शामिल

समर्पित नक्सली वर्षों से नक्सल संगठन में शामिल होकर कई संगीन घटनाओं में शामिल थे इनमें वर्ष 2020 में ग्राम मिनपा के जंगल में गश्त कर वापस लौट रही पुलिस पार्टी पर फायरिंग, ग्राम एर्रनपल्ली के जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़, पूसनार मुठभेड़, वर्ष 2021 में टेकलगुडा मुठभेड़, मार्च 2020 में मिनपा मुठभेड़, वर्ष 2024 में धर्मावरम कैम्प को घेरकर फायरिंग करने, वर्ष 2023 में ओडिशा के रउल एरिया में पुलिस फोर्स पर फायरिंग करने तथा वर्ष 2022 में भारत बंद के आव्हान के दौरान ग्राम तर्रेम में स्थापित नए कैम्प के पास आकर हवाई फायरिंग करने की घटना में शामिल थे।

## हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा आज से, हाईस्कूल की शुरू होगी 3 से

- 10वीं में 8596 एवं 12वीं रेगुलर में 6572 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा का आयोजन एक और तीन मार्च से होगा। 10वीं में 8596 एवं 12वीं रेगुलर में 6572 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने बताया कि हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी और शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि प्रथम मुख्य परीक्षा के लिए बस्तर जिले से 105 केन्द्रों का निर्धारण छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा निर्धारित किया गया है। जिसमें से विकासखण्ड बकावण्ड के 20 केन्द्र, बास्तानार के 1 केन्द्र, बस्तर के 28 केन्द्र, दरभा के 9 केन्द्र, तोकापाल के 10 केन्द्र, जगदलपुर के 28 केन्द्र एवं विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा में 9 केन्द्र बनाए गए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी और शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि प्रथम मुख्य परीक्षा के तहत कक्षा 12वीं की परीक्षा 1 मार्च से 28 मार्च एवं कक्षा 10वीं की परीक्षा 3 मार्च से 24 मार्च के मध्य सम्पन्न होगी। हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि प्रथम मुख्य परीक्षा के लिए 10वीं रेगुलर में 8596 एवं 10वीं प्राईवेट में 149 परीक्षार्थी शामिल होगें। हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि प्रथम मुख्य परीक्षा के लिए 12वीं रेगुलर में 6572 एवं 12वीं प्राईवेट में 153 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

## विज्ञान में डॉ. सीवी रमन का महत्वपूर्ण योगदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेड क्रॉस इकाई के तत्वावधान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एम. एल. लखनपाल, सेवानिवृत्त प्राचार्य, शासकीय दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय थे, जबकि विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर ए. एन. खान, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, शासकीय दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय और डॉ. रश्मि शुक्ला थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेंद्र मोतीवाला ने की। प्राचार्य ने स्वागत उद्बोधन में विज्ञान में डॉ. सी.वी. रमन के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। बबीता दीवान ने वैज्ञानिक आविष्कारों द्वारा जीवन के कार्यों को आसान बनाने में विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर ए.एन. खान ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को समय की कद्र करने और समय को उपयोगी बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में श्रीमती बैष्णवी मंडावी ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रिंसी दुग्गा ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

## महापौर और पार्षदों का शपथग्रहण आज

**जगदलपुर।** नगर निगम जगदलपुर का 5वां नगर सरकार का शपथग्रहण समारोह 1 मार्च को 10:30 बजे भव्य रूप से होगा। मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में होने वाले समारोह में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव तथा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव समेत मंत्री, सांसद एवं विधायक मौजूद रहेंगे। महापौर संजय पाण्डेय समेत निर्वाचित पार्षदगण शपथ लेंगे। शपथग्रहण समारोह के लिए व्यापक तैयारी की गई है। पहली बार शपथग्रहण समारोह के लिए खुले मंच की व्यवस्था दंतेश्वरी मंदिर के सामने की गई है और वीआईपी से लेकर आम लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। कलेक्टर हरीश एस. तथा निगम आयुक्त निर्भय कुमार साहू ने कार्यक्रम की जानकारी दी है जिसमें कई विधायक समेत बस्तर के दोनों सांसद मौजूद रहेंगे। इस संबंध में महापौर संजय पाण्डेय ने अपील करते हुए कहा है कि शहर की जनता ने अपना समर्थन और आशीर्वाद देकर मुझे महापौर चुना है और इस नई जिम्मेदारी का अवसर मिला है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित होने का लोगों से आग्रह किया है।



## विद्यार्थियों ने नाटक के जरिये समझा विज्ञान अंधविश्वास से दूर रहने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय में कार्यक्रम

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय, महात्मा गांधी वार्ड में एक अनूठे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कक्षा नवमीं और 11वीं के विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से विज्ञान को समझने और अंधविश्वास से दूर रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान से जुड़े कई रोचक प्रयोगों को नाटक के जरिये प्रस्तुत किया। इनमें नींबू का स्वतः लाल होना, नारियल फोड़ने पर उसका काला पड़ जाना, बिना माचिस के आग जलाना और पानी में नींबू का तैरना जैसी घटनाओं को दिखाया गया। इन रहस्यमयी लगने वाले तथ्यों के वैज्ञानिक कारण भी विद्यार्थियों को समझाए गए। जिससे यह स्पष्ट किया गया कि कई तथाकथित चमत्कार वास्तव में विज्ञान पर ही आधारित होते हैं। विद्यालय के प्राचार्य शांतिलाल सलाम ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयोग और नाटक न केवल शिक्षा को रोचक बनाते हैं बल्कि तर्कशीलता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को भी विकसित करते हैं।



**शिक्षकों ने दिया मार्गदर्शन** – इस अवसर पर विज्ञान संकाय के शिक्षक शोभा आजाद, सुमन धनेलिया, डॉ. स्मृति जैन और पदमा पांडे ने विद्यार्थियों को विज्ञान के महत्व और अंधविश्वास से बचने के तरीकों पर विशेष मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और जागरूकता से हम अंधविश्वास से मुक्त होकर एक विकसित समाज का निर्माण कर सकते हैं।

# खूंखार नक्सली हिड़मा के गांव पूवर्ती तक पहुंचेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- विद्युत कंपनी के ईडी, एसई व डीई ने कोंडापल्ली में विद्युतीकरण कार्य का किया निरीक्षण
- सर्वाधिक नक्सल प्रभावित गांव के ग्रामीण आजादी के 76 साल बाद भी चिमनी युग में

सर्वाधिक नक्सल प्रभावित सुकमा जिले का एक गांव है पूवर्ती, जो बस्तर के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित गांव में शामिल है। यह खूंखार नक्सली हिड़मा का पैतृक गांव है। पूवर्ती गांव टॉप नक्सलियों का पनाहगार था। हिड़मा ने यहां खौफ का साम्राज्य कायम किया था।।

सुकमा और बीजापुर जिले के सीमा पर वीरान पूवर्ती गांव में अब फोर्स के पहुंचने से दहशत धीरे-धीरे घटने लगी है, वहीं नक्सलगढ़ के इस गांव के आसपास बीआरओ की ओर से सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया है अब विद्युत कंपनी भी वहां तक बिजली पहुंचाने का प्रयास कर रही है। यहां के लोगों के लिए आजादी के इतने साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे। शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत प्रदेश के बस्तर संभाग जैसे अनुसूचित क्षेत्र में अविद्युतिकरण ग्रामों को विद्युतिकृत किए जाने प्रावधान रखा गया है। वहां विद्युतमान बसाहटों में



प्रत्येक घर को विद्युत प्रदाय किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इसी तारतम्य में बस्तर संभाग के धूर नक्सल प्रभावित उसूर एवं कोंटा ब्लॉक के ग्रामों बेदरे, मंकीमारका, साकलोड, पूवर्ती, मुतवेंडी, कुरूस, कांवड़गांव, कोंडापल्ली, धरमावरम आदि ग्रामों में विद्युतिकरण का कार्य प्रगति पर है। बताया जा रहा है कि ऐसे सर्वाधिक नक्सल प्रभावित गांवों के ग्रामीण आजादी के 76 साल बाद भी बिजली नहीं पहुंचने के कारण आज के आधुनिक युग में भी इन गांव के ग्रामीणों को अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ रहा है। घरों को रोशन करने के लिए ग्रामीण मिट्टी तेल से जलने वाली चिमनी का प्रयोग करते हैं।

### ठेकेदार को दिए निर्देश

हॉल ही में बीजापुर जिले के ग्राम कोंडापल्ली में नियद नेल्लानार योजना के तहत संचालित विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर, अधीक्षण नवीन पोयाम एवं बीजापुर के कार्यपालन अभियंता श्री उर्वशा ने किया। मौके पर ठेकेदार को उक्त कार्य शीघ्र ही करने का निर्देश दिया गया।

## कोंडागांव के कलाकार सिद्धार्थ को मिला कला संस्कृति सम्मान

**कोण्डागांव।** जिले के प्रतिभाशाली कलाकार सिद्धार्थ महाजन को छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति में विशेष योगदान के लिए चिन्हारी फिल्मफेयर अवार्ड 2024 में कला संस्कृति सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान रायपुर के पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया, जहां प्रदेशभर के कलाकारों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि यह सिर्फ एक फिल्मफेयर अवार्ड नहीं, बल्कि प्रदेश की समृद्ध कला और संस्कृति का सम्मान है। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार फिल्म इंडस्ट्री के विकास के लिए ठोस कदम उठा रही है। कार्यक्रम में पद्मश्री अनुज शर्मा, पद्मश्री उषा बारले, पद्मश्री डॉ. भारती बंधु, पद्मश्री मदन चौहान, महापौर मीनल चौबे, संगठन महामंत्री पवन साय सहित कई फिल्मी और सांस्कृतिक हस्तियां मौजूद रहीं।




**अन्य कलाकारों के लिए होंगे प्रेरणास्त्रोत :** सिद्धार्थ महाजन की उपलब्धि पर कोंडागांव जिले के कला प्रेमियों में हर्ष का माहौल है। कला और संस्कृति के क्षेत्र में उनके योगदान को यह सम्मान नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगा।कार्यक्रम को सफल बनाने में राजू सोनी, राजू दीवान, प्रिंस गुप्ता, आरजे नरेंद्र, सुनील कुमार झा, गोस्वामी, साहिल सहित पूरी टीम की अहम भूमिका रही। बस्तर की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और आगे बढ़ाने में सिद्धार्थ महाजन की इस उपलब्धि से क्षेत्र के अन्य कलाकारों को भी प्रेरणा मिलेगी।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# पिथौरा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वैज्ञानिक जागरुकता कार्यक्रम हुआ

## अंधविश्वास के प्रति छात्रों को जागरूक किया, बच्चों ने दिखाए वैज्ञानिक कौशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

संस्कार शिक्षण संस्थान एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा पिथौरा के तत्वावधान में शासकीय कन्या अंग्रेजी मिडिल विद्यालय में आयोजित अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरुकता कार्यक्रम ने समाज में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का संदेश दिया। बच्चों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया, बल्कि वैज्ञानिक चमत्कारों के प्रदर्शन से यह बताया कि कैसे अंधविश्वास को तर्क और विज्ञान के माध्यम से खारिज किया जा सकता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। हमें अंधविश्वास से दूर रहते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज में व्याप्त टोने-टोटके और झाड़-फूंक जैसी प्रथाओं को विकास में बाधक बताया और वैज्ञानिक समाज के निर्माण पर जोर दिया। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के मेंबर हेमंत खूंटे ने कहा कि अंधविश्वास के उन्मूलन से ही एक प्रगतिशील और तार्किक समाज की स्थापना हो सकती है।



### बच्चों ने दिखाए वैज्ञानिक कौशल

कार्यक्रम के दौरान विज्ञान गीत, कविता, व्याख्यान, विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गईं। बच्चों ने अपने प्रदर्शन से अंधविश्वास को चुनौती देने वाले विचारों को मजबूती से प्रस्तुत किया। आयोजन समिति की संचालिका सीमा गौरव चंद्राकर ने अपने वैज्ञानिक चमत्कारों से सभी को आकर्षित किया और यह बताया कि अंधविश्वास को कैसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम को उपस्थित अतिथि गोपाल शर्मा, अंतर्यामी प्रधान, नरेश नायक ने संबोधित किया। सभी ने वैज्ञानिक सोच को अपनाने और समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने पर जोर दिया।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों व शिक्षक का सम्मान

पिथौरा ब्लाक के विज्ञान के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों व शिक्षक को पुरस्कृत किया गया। जिसमें शासकीय कन्या अंग्रेजी मिडिल विद्यालय से डिंपल डडसेना, साक्षी पटनायक, यागनि ठाकुर, कृति कुमारी साव, विनय पटेल, अभय डडसेना, राम दर्शन पब्लिक स्कूल से रोशनी चौधरी, प्रीति पटेल, रुद्राक्ष शुक्ला, वंदना पंडा, अर्णव नामदेव, सन राइजिंग किड्स प्ले स्कूल खुटेरी से सिद्धू पटेल, ओजस चौधरी, साक्षी ध्रुव, जिया पटेल, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिथौरा से बिंदिया डडसेना, विनीत सिदार, दिव्यांशी डडसेना, गोपालपुर विद्यालय से शारदा साहू, संत फ्रांसिस विद्यालय से रूप पुरोहित, चंद्रपाल डडसेना महाविद्यालय से गरिमा, कन्नौज मीनाक्षी निर्मलकर बाल वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया।

### उत्कृष्ट शिक्षक को मिला सम्मान

हेमंत खूंटे, अंतर्यामी प्रधान, वेदेश्वर प्रसाद जोशी, पुष्पकांत साहू, रमाकांत रघुवंशी, श्वेता शर्मा, अनिल पटनायक, एमडी प्रधान शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में देवेश निषाद नगर पंचायत अध्यक्ष, गोपाल शर्मा अध्यक्ष व्यापारी एकता मंच, सीमा गौरव चंद्राकर संचालक संस्कार शिक्षण संस्थान, नरेश कुमार नायक प्रधान पाठक, हेमंत खूंटे, अंतर्यामी प्रधान, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा मेंबर, पत्रकार राजा बाबू उपाध्याय, रमेश श्रीवास्तव, आनंद भोई सहित कई लोग मौजूद रहे। इस आयोजन ने समाज में वैज्ञानिक सोच के प्रति जागरूकता फैलाने और अंधविश्वास से मुक्ति पाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार पत्रकार संतोष गुप्ता और आभार प्रदर्शन युवा वैज्ञानिक गौरव चंद्राकर ने किया।

## पेज 11 के शेष

### कांकेर जनपद में...

हुई है। भाजपा में अध्यक्ष के लिए दो दावेदार और उपाध्यक्ष के लिए दो दावेदार है। भाजपा के जिम्मेदारों ने समन्वय बना लिया, तभी सफलता हासिल हो सकती है।

### विधायक के प्रयास...

और इस समस्या के बारे में अवगत कराया। उन्होने तत्काल अनुपूरक बजट में सरोना थाने को जोड़ने का निर्देश आला अफसरों को दिया और अंततः सरोना में थाना स्वीकृत हो गया और उस थाने के अंतर्गत आने वाले लगभग 36 गांव को शामिल किया गया है। इन गांव के लोगों को अब कांकेर और नरहरपुर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। ग्रामीणों की यह माँग लगभग 10 साल पुरानी है और क्षेत्र के लोग 10 साल से ज्यादा समय से माँग करते आ रहे है। सरोना क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना था कि तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अजय यादव के समय जगह का चिन्हांकन हो गया था और ग्राम सभा से प्रस्ताव भी दिया जा चुका था। ग्रामीणों ने विधायक का भी अभार जताया है।

### पुसवाड़ा पंचायत चुनाव...

बीएनएस, लोक संपति क्षति निवारण 1984 की धारा 3,4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । प्रकरण में आरोपी घासीराम वटटी पिता स्व.नथेरा राम वटटी उम्र 70 साल को 19 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण के अन्य आरोपियों का पता तलाश के दौरान प्रकरण के आरोपी रोहित नेताम पिता स्व.देवलाल नेताम उम्र 34 साल निवासी पुसवाड़ा कांकेर एवं दिपांशु साहू पिता देवेश साहू उम्र 21 साल निवासी पुसवाड़ा र को 28 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण के शेष नामजद आरोपियों का पता तलाश जारी है।

### पालिका अध्यक्ष, भाजपा...

कांकेर के सभी वार्डो के समुचित व समन्वित विकास को लेकर गंभीर चर्चा हुई है। इसके अलावा कांकेर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था, सफाई, पानी, अधूरे निर्माण कार्यो व शहर की जरूरतों को जल्द से जल्द से पूरा करने के लिए ठोस रणनीति पर बात हुई ।
इस अवसर पर पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भरत मटियारा, राजीव लोचन सिंह, राजा देवनानी, दिनेश रजक, विजय लक्ष्मी कौशिक, नवनिर्वाचित भाजपा पार्षदगण मीरा सलाम, सलीम मेमन, हितेंद्र खटवानी, शकुंतला जैन, चित्ररेखा जैन, उत्तम यादव, उगेश्वरी उइके, टिकेंद्र ठाकुर, विकास अंभोरे, नरेंद्र साहू, मंजू सारथी, मोंटी खटवानी आदि उपस्थित रहे ।

### पुना पर्रियान में...

दिया गया था। फिजिकल गतिविधियों के दौरान अलग-अलग विधा में निपुर्ण व्यायाम निर्देशकों एवं विशेषज्ञों की सेवाएं ली गई है। सभी प्रतिभागियों से 100 एवं 200 मीटर दौड, गोला फेंक, उंची कूद, बाधा दौड कराकर प्रतिभागियों की क्षमता की जांच की गई। उन्होंने यह भी बताया कि चौगेल में पुराना बीएसएफ का कैंप में क्षेत्र के युवाओं के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा को पास करने के लिए दो दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया था।

### सूखे नशा व मादक...

ही दिया जाता है। पुलिस एक डोज के साथ पकड़ती है, इस पर कोई बड़ी कार्यवाही नहीं हो पाती है। पुलिस नशे में उपयोग आने वाली दवा के नेटवर्क को तोड़ने के लिए लगी है।
**बैंक के साथ संपत्ति की जुटा सकते है जानकारी** - जानकारों का कहना है कि मादक पदार्थ के मामले में अभी तक जेल जा चुके आरोपी जेल से आने के बाद भी मादक पदायों के अवैध कारोबार में जो लिप्त रहते हैं, ऐसे लोगों की पहचान कर उनकी कुंडली तैयार करने के लिए उनके बैंक डिटेल के साथ संपत्ति की जानकारी जुटाने राजस्व विभाग से मदद ले सकते है। इसके साथ ही पैन कार्ड की जांच की जा सकती है। नशे के कारोबार से कितने की संपत्ति अर्जित की है, इसका भी अध्ययन किया जा सकता है।

### उप सरपंच के लिए...

होने बाद प्रथम सम्मेलन आयोजित करना और उप सरपंच के लिए चुनाव प्रक्रिया नियत तिथि में करने के लिए निर्देश शासन से प्राप्त हो चुके है। 8 मार्च को उपसरपंच के नाम आ जाएगा। दुर्गूकोंदल अंतर्गत 44 ग्राम पंचायत में उप सरपंच चुनाव और दावेदारों की नामों पर सुहबुगाहट शुरू हो चुका है। अधिकांश पंचायतों में भाजपा और कांग्रेस समर्थित सरपंच, पंच प्रत्याशी चुनाव जीते है। इसी में से एक को उप सरपंच चुनना है। इसके लिए नामों की चर्चा हो रही है। दुर्गूकोंदल में उप सरपंच के लिए 3 से 4 लोगों की नाम की चर्चा है।

# मॉडल बायलाज का वाचन व पैक्स पुनर्गठन पर हुई चर्चा




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

27 एवं 28 फरवरी को जिला

- कार्यक्रम में 10 वयोवृध्द एवं वरिष्ठ सदस्यों का किया गया सम्मान

सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा महासमुंद के सभा कक्ष में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत वार्षिक कैलेंडर अनुसार माह फरवरी 2025 का कार्यक्रम नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित महासमुंद के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। 27 फरवरी को कार्यक्रम का मुख्य विषय पैक्स के मॉडल बायलाज का वाचन एवं पैक्स पुनर्गठन की चर्चा तथा पैक्स के वयोवृध्द सदस्यों का सम्मान था।

कार्यक्रम में अनिश कुमार दीवान सहकारिता विस्तार अधिकारी (उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला महासमुंद) के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित हुए। अविनाश शर्मा नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, राणा शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा, जीएल कौशिक प्रबंधक जिला सहकारी संघ और एसआर बंजारे जिला प्रचार प्रसार अधिकारी जिला सहकारी संघ, बैंक पर्यवेक्षक, 12 पैक्स समितियों के प्रबंधक एवं कर्मचारीगण तथा समितियों के सदस्य मौके पर उपस्थित रहें। सर्वप्रथम जिला प्रचार प्रसार अधिकारी एसआर बंजारे द्वारा पैक्स समितियों के माडल बायलाज का वाचन कर सहकारिता की परिभाषा को समझाते हुए पंजीयन, बोर्ड ऑफ डारेक्टर एवं प्रतिनिधियों निर्वाचन, मनोनयन एवं सहयोजन, प्रवेश शुल्क एवं अंश राशि, अधिकृत अंश पूंजी, लेखा पुस्तकें एवं अन्य रजिस्टरों का संधारण संचालक मंडल एवं विशेष आमसभा की बैठक, बैठकों में गणपूर्ति, सदस्यों की पात्रता, रिक्त पदों की पूर्ति हेतु कार्यवाही, ऋण वितरण एवं वसूली संबधी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त सदस्यता की समाप्ति, सदस्यों के अधिकार, सदस्यों को हटाना, अंश प्रमाण पत्र, पूंजी एवं निधियां, सेवा नियम, बोर्ड एवं कमेटी गठन, महिलाओं के लिऐं आरंक्षण, अध्यक्ष एवं प्रबंधक की शक्तियां, और परिसमापन संबंधी संम्पूर्ण जानकारी बताया गया। अनिश कुमार दीवान द्वारा पैक्स समितियों के पुनर्गठन पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त पैक्स समितियों के वयोवृध्द सदस्यों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अनुज राम पटेल तुसदा समिति, हेमलाल पटेल बेलसोंडा, भोलाराम ध्रुव बरोंडाबाजार, तुलसी ठाकुर बम्हनी, कमल साहू बेलसोंडा, वेदराम ठाकुर खम्हरिया, योगेश कुमार ध्रुव बरोंडाबाजार, किशन देवांगन, प्रमोद कुमार साहू बम्हनी और मनोज कुमार रात्रे बम्हनी कुल 10 वयोवृध्द एवं वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान गमछा भेंटकर अनिश कुमार दीवान एवं अविनाश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दिये गये संपूर्ण जानकारी को उपस्थित सदस्यों ने काफी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सदस्यों के हित में बहुत ही महत्वपूर्ण और जरूरी है। उक्त कार्यक्रम में कुल 33 सदस्य/और कर्मचारीगण लांभवित हुए। वहीं दूसरे दिन 28 फरवरी को अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के गतिविधियों के अंतर्गत नागरिक सेवाओं की ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ पहुंच के लिए पैक्स समितियों में कॉमन सर्विस सेंटर की भूमिका पर चर्चा की गई। जिला प्रचार प्रसार अधिकारी एसआर बंजारे कॉमन सर्विस सेंटर में कुल 35 प्रकार के कार्य करने की जानकारी से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इसके अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में आधार कार्ड, पेन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जमीन का नक्शा खसरा, बी-01, पांचसाला खसरा, नक्शा, आय, जाति, निवासी प्रमाण पत्र, फोटो कॉपी कराने आदि कार्य होंगे। जिससे किसानों एवं समिति के सदस्यगण लाभान्वित होंगे। एक ही स्थान पर उक्त सभी कार्य आसानी से होंगे, इसके लिए उन्हें कई जगहों पर भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने बताया कि महासमुंद जिले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की कुल 15 शाखाएं है। इसके अंतर्गत जिले में कुल 130 पैक्स समितियां कार्यरत है। उनके कंप्यूटर ऑपरेटरों और कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सभी समितियों में सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) की स्थापना कर दी गई है। इससे किसानों को उक्त कार्य कराने में समय, श्रम की बचत होगी और निर्धारित फीस पर उक्त कार्य करा सकते है। पैक्स समितियों के आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और व्यवसाय में वृद्धि होगी। उक्त जानकारी समिति सदस्यों के हित में उपयोगी सिद्ध होगा। कार्यक्रम में बैंक के सुपरवाइजर, पैक्स समिति के कर्मचारीगण और महासमुंद बैंक शाखा के समितियों के कुल 22 सदस्यगण उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### घायल महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत अंतागढ़ निवासी 55 वर्षीय सुखबती बाई का ईलाज के दौरान जिला अस्पताल में 17 जनवरी को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका मोटर सायकल से गिरकर घायल हो गई थी। ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बाइक चालक पर मामला हुआ दर्ज

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत सरंगपाल पुलिया के पास 20 जनवरी को दोपहर डेढ़ बजें हुई सड़क दुर्घटना में मौत के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक अपने साथी के साथ मोटर सायकल से ग्राम जुनवानी जा रहें थे। सरंगपाल पुलिया के पास आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एक्यू 1631 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक तामेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गया व ईलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### गुरुनानक स्कूल में 3 व 4 को आई कैंप

**जगदलपुर।** शहर के संजय मार्केट स्थित गुरुनानक पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में आई कैंप 3 व 4 मार्च को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया है। जिसमें स्कूल के सभी छात्र-छात्राएं नर्सरी से 12वीं तक के सभी बच्चे उनके पेरेंट्स, स्टाफ उनकी फैमिली, सभी समाजों के लोग समस्त नागरिक फ्री ऑफ कॉस्ट अपनी आंखें चेक करवा सकते हैं। यह विशाल आई कैंप गीत वासुदेव वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा जेके आई हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस आई कैंप में जो भी दवाईयां लगेगी वह गुरुनानक पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की तरफ से मुफ्त वितरित की जाएगी। उपरोक्त जानकारी स्कूल के अध्यक्ष मनजीत सिंह गेंदु, स्कूल के सचिव सुखदेव सिंह जोशी के द्वारा दी गई हैं।

### जिले के 18 केन्द्रों में आज से बोर्ड परीक्षा शुरू

**सुकमा।** सुकमा जिले में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 1 मार्च से बोर्ड परीक्षा प्रारम्भ किया जा रहा है। जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने बताया कि 1 मार्च से प्रारम्भ बोर्ड परीक्षा के लिए इस वर्ष 18 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। पिछले साल 16 परीक्षा केन्द्र बनाये गए थे। छात्रों की संख्या और सुविधा को देखते हुए इस साल 2 परीक्षा केन्द्र पाकेला और तालनार बढ़ाए गए हैं। सुकमा जिले में कक्षा 10 वीं के 1902 तथा कक्षा 12 वीं के 1495 विद्यार्थी कुल 3399 विद्यार्थी बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कई परीक्षा केन्द्र अति संवेदनशील क्षेत्र में होने के कारण पूर्व में माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा प्राप्त गोपनीय परीक्षा सामग्री का वितरण कर नजदीकी पुलिस थानों में सुरक्षित रखा गया है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन, जिला शिक्षा अधिकारी व विकासखण्ड स्तर पर उड़न दस्ता दल की नियुक्ति की गई है।

**प्रशिक्षण : आउट ऑफ स्कूल बच्चों को पढ़ाई के लिए करें प्रेरित**

# 21 प्रकार के दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन के लिए शिक्षकों और पालक को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

प्राईमरी एवं माध्यमिक शाला के शिक्षकों एवं दिव्यांग बच्चों के पालको 28 फरवरी को आउट ऑफ स्कूल वाले बच्चों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन खण्ड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ बीईओ सदेसिंह कोमरे एवं अन्य अतिथियों के द्वारा मॉ सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ देने, शालाओं में अपने सहपाठियों के साथ एक समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रेरित करना व शिक्षकों, पालकों, सहपाठियों के बीच शालाओं में बिना किसी भेदभाव के क्षमता निर्माण कर सामान्य बच्चों के साथ दिव्यांग बच्चों का अध्यापन पीयर ग्रुप बनाकर आवश्यक सहयोग प्रदान करना, दिव्यांगजन अधिनियम 2016 एक्ट के तहत 21 प्रकार के दिव्यांगता का चिन्हांकन करने दिव्यांगता की जानकारी दिया गया। गृह आधारित शिक्षा प्राप्त कर रहें बच्चों के पालको को दैनिक जीवन क्रियाकलाप के संबंध में आवश्यक जानकारी दिया गया। स्पीच व फिजियोंथैरेपी के बारे में सभी पालको को जानकारी दिया गया। इसके साथ ही समावेशी शिक्षा के माध्यम से समाज के मुख्यधारा से जोड़ने, दिव्यांग बच्चों को शाला में आ रहे समस्याओं का निंदान, बच्चों को मिलने वाली सुविधाऐं के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में



मास्टर ट्रेनर्स विनोद राजपूत दीपक सोनवानी, बीआरपी समावेशी शिक्षा, पुष्पलता टंडन स्पेशल एजूकेटर रहें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर बीआरसी आरएल नुरूटी ने सभी प्रतिभागीयों को अपने उद्बोधन में कहा कि प्रशिक्षण में सीखे बातों को ज्यादा से ज्यादा दिव्यांग बच्चों पालकों तक पहुचावें और कोई भी दिव्यांग बच्चें शासन के योजना से छूटे नही सभी को एक समान अधिकार मिलें साथ 21 प्रकार के दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन करने इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। इस प्रशिक्षण के सफल संचालन में सुरेश पटेल लेखापाल, रवि नेताम ऑपरेटर एवं विकासखण्ड के प्रतिभागी शिक्षक, पालक आदि उपस्थित रहें।

# अलग-अलग सड़क हादसों पर चालकों पर मामला हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कांकेर अंतर्गत राष्ट्रीय राज मार्ग 30 कांकेर बायपास रोड में सड़क दुर्घटना के दो प्रकरण में घायल का मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना के बाद दो वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया।

विवेचना में पाया गया कि मृतक आमाबेड़ा थानांतर्गत निलेगोंदी निवासी 33 वर्षीय प्रीतराम कोर्राम पिता रामसिंह कोर्राम 25 फरवरी को दोपहर लगभग डेढ़ बजें कांकेर से अपना मोबाईल फोन बनवाकर घर जाने के लिए वाहन क्रमांक सीजी 17 केएस 3208 में सवार निकला था। कोड़ेजुंगा मेन चौक बायपास रोड में माकड़ी की तरफ से आ रही कार सफेद रंग की आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 07 बीसी 9999 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक उतावलेपन से वाहन चलाकर सामने से आ रही मृतक के बाईक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक को गंभीर चोट आने की वजह से मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।




दूसरे प्रकरण में मृतक कांकेर थानांतर्गत आमाझोला निवासी 48 वर्षीय पुनऊ राम कावड़े पिता शिवचरण कावड़े मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएच 3225 में सवार होकर ग्राम सालेभाठ का मेला देखकर 28 जनवरी को अपने घर ग्राम आमाझोला जा रहा था। शाम करीबन साढ़े 6 बजें कांकेर बाईपास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 ढाबा के पास पहुंचा विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल सुपर क्रमांक सीजी 19 बीएस 2761 के चलक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मृतक के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक पुनऊ राम सिर में चोट लगा था। ईलाज के लिए 108 वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। उपस्थित चिकित्सको ने घायल के मौत होने की पुष्टी किया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

# परिवहन ठप : कर्मचारी आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

समर्थन मूल्य में होने वाली धान खरीदी के बाद खरीदी केंद्रो में धान का उठाओ 28 फरवरी तक पूरा करने का आदेश छत्तीसगढ़ शासन और खाद्य और नागरिक आपूर्ति निगम की अवर सचिव के द्वारा आदेश जारी किया गया था, लेकिन आज 28 फरवरी तक उपार्जन केन्द्र दुर्गूकोंदल में तत्काल धान उठाव के लिए टीआ व डीओ जारी करने आदेश नहीं हुआ।

लेप्स प्रबंधक जितेंद्र साहू ने बताया कि सहकारी समिति दुर्गूकोंदल में 62852.80 क्विंटल धान खरीदी की गई है। परिदान 33530.33 एवं शेष 29322.47 केन्द्र में जाम है। समिति की एवं कर्मचारियो आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है। यदि बेमौसम बारिश एवं तेज धुप से धान को नुकसान होता है, तो समिति को आर्थिक क्षति की संभावना है। चुहे और किट भी धान को क्षति पहुंचा रहे है। हमाल भी गाड़ी नही लगने से अपने घर जा रहे है। खरीदी बंद हुए एक माह पूर्ण होने जा रहा है, फिर भी उठाव में कोई प्रगति नही होने से समिति के कर्मचारी मानसिंक एवं आर्थिक रूप से परेशान है। शासन से मांग करते हुए कहा कि अतिशीघ्र ही उपार्जन केन्द्र दुर्गूकोंदल के लिए टीओ व डीओ जारी कर धान उठाव करें, जिससे समिति में हानि कि पुर्नरावृत्ति न हों।




# पशुपालन का प्रशिक्षण लेने नकुलनार के 22 युवा कृषि विज्ञान केंद्र दुर्ग पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

ग्राम पंचायत नकुलनार पटेलपारा के 22 युवा जिला प्रशासन दंतेवाड़ा की तरफ से निःशुल्क पशुपालन का प्रशिक्षण लेने वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा दुर्ग भेजे गये है। जहां युवाओं को 3 दिवसीय निःशुल्क बकरी पालन, सुकर पालन, मत्स्य पालन की ट्रेनिग लेंगे। सभी युवाओं को दंतेवाड़ा जिला प्रशासन द्वारा बस से भेजा गया है। दरअसल ग्राम पंचायत की सरपंच रंजना कश्यप त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पूर्व में पशु चिकित्सा विभाग से ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये बकरी पालन के प्रकरण बनवाई थी। लेकिन चुनाव की वजह से ट्रेनिंग का कार्य रुका हुआ था। इस बार भी नवनिर्वाचित सरपंच रंजना कश्यप जीतने के बाद सबसे पहले युवाओ को ट्रेंनिग में भेजकर अपना वादा पूरा किया।

# अतिसंवेदनशील क्षेत्र के युवाओं को दूसरे राज्यों की संस्कृति को जानने किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

बीएसएफ की 129 वीं बटालियन के तत्वाधान में 16 वें नेहरू युवा केंद्र जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए अतिसवंदेनशील क्षेत्र के विभिन्न गाँवो से 20 स्थानीय आदिवासी युवाओं को दूसरे राज्यों की संस्कृति को जानने के लिए बीएसएफ कैंप सरगीपल से 28 फरवरी की सुबह पौने दस बजे उत्तर प्रदेश रवाना किया गया। एक सप्ताह के कार्यक्रम में युवाओं को कई जानकारियों से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

बीएसएफ की 129 वीं बटालियन के यूनिट के कार्यवाहक कमांडेंट राजपाल सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी ने समूह को रवाना करने से पहले युवाओं को सुरक्षा, अनुशासन और शिक्षा की अहमियत पर प्रेरक संबोधन दिया। उन्होंने बताया कि, आप सभी आदिवासी युवा हमारे देश की विविधता और सशक्त भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। एवं यह कार्यक्रम आपके व्यक्तित्व, कौशल और दृष्टिकोण को निखारने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने अनुभवों और ज्ञान को साझा करें, साथ ही अनुशासन और संस्कृति के प्रति गर्व का प्रदर्शन करें। इस कार्यक्रम से न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि वे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को गहराई से समझ पाएंगे। यह पहल आदिवासी युवाओं को उनकी संस्कृति को संरक्षित करने के साथ-साथ उन्हें नई दिशा मे पहुंचाने का अवसर प्रदान करेगी।

# वैज्ञानिक नवाचार आर्थिक विकास और तकनीकी उन्नति के लिए जरूरीः गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर स्थानीय इंडोर स्टेडियम दंतेवाड़ा में जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष पायल गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन के माध्यम से स्कूली बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने सहित सीखने-समझने का अवसर मिलता है। इसके साथ ही एक-दूसरे से विचार साझा करने का मौका सुलभ होता है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पूरी लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई करने की समझाइश दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक नवाचार आर्थिक विकास और तकनीकी उन्नति के लिए जरूरी है अतः इसमें छात्रों की सहभागिता को प्रोत्साहित करें और उन्होंने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर राजेश पात्रे ने छात्रों को विज्ञान और तकनीक के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि




विज्ञान हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा है और इसके बिना आधुनिक जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। उन्होंने महान वैज्ञानिकों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उनसे प्रेरणा लेने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे छात्रों को विज्ञान में रुचि बढ़ाने, प्रयोगों के प्रति जिज्ञासा रखने और नई तकनीकों को सीखने को बढ़ावा दें। सरकार भी विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है, जिसका लाभ छात्रों को उठाना चाहिए। इस प्रतियोगिता में जिले के गीदम, दंतेवाड़ा, कुआकोंडा, कटेकल्याण के कुल लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि इन छात्रों ने कृषि खाद्य विज्ञान, एआई प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और खगोल, पर्यावरण,स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, वैज्ञानिक तकनीकों के माध्यम से ग्रामों में रोजगार सृजन, कृषि फार्मिंग, आधुनिक मत्स्य, कुकुट, पशुपालन, जैविक कृषि की महत्ता जैसे विभिन्न कथानकों पर अपने वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के मध्य वैज्ञानिक क्विज प्रतियोगिता रखी गई थी। इसके अलावा जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल दिवस पर छात्रों के उत्कृष्ट वैज्ञानिक मॉडल पर पारितोषिक एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएगें। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.के अम्बस्ता, सहित शालाओं के विज्ञान विभाग के शिक्षक व्याख्याता, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त कर्मचारी विमल प्रसाद को सेवानिवृत्ति तिथि से पेंशन



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने 28 फरवरी को सेवानृवित्त होने वाले वाहन चालक विमल प्रसाद सेठिया को सेवानृवित्ति तिथि से ही पेंशन आदेश प्रदान किया। कलेक्टर ने उनके सुखद जीवन के लिए शुभकामनाएं दी और उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना की। सेवानृवित्त होने वाले कर्मचारी विमल प्रसाद सेठिया वाहन चालक कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग बीजापुर में कार्यरत थे। सेवा निवृत्त विमल प्रसाद सेठिया से पूछा कि पहले बीजापुर कैसा था कर्मचारी द्वारा पहले के बीजापुर के बारे में बताते हुए कहा कि पहले आने जाने में पहले बहुत कठिनाई होती थी सुविधाओं का बहुत अभाव किंतु आज जब मै सेवा निवृत्त हो रहा हूं तो बीजापुर बहुत विकास की ओर दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। पेंशन प्रकरणों को शीघ्रता से निराकरण के संबंध में जिला कोषालय अधिकारी महावीर टंडन ने बताया कि कर्मचारी यदि अपनी सेवा पुस्तिका की जांच कराते रहें और समय पर पेंशन फार्म भर कर कार्यालय में जमा कर दें तो पेंशन आदेश जारी होने में विलंब नहीं होता है।

# शीतला माता के सामने अन्य देवी-देवताओं की हुई पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड मुख्यालय दुर्गूकोंदल में चार दिवसीय वार्षिक मेले का शुभारंभ किया गया। मेला स्थल में देवी देवताओं का डांग डोली के साथ ढाई चक्कर परिक्रमा किया गया। ग्राम वासियों एवं ग्राम प्रमुखों के द्वारा देवी देवताओं का स्वागत किया। मेला आसपास के गांवों के लिए बड़ा सांस्कृतिक आयोजन होता है, जिसमें ग्रामीण देवी-देवताओं को लेकर उत्साह के साथ पहुंचते हैं। यह मेला क्षेत्र का सबसे बड़ा मेला माना जाता है। सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर को भी प्रदर्शित करता है। प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल सरपंच शकुंतला नरेटी, ग्राम पटेल लालजी दुग्गा, वार्ड पंच संजय उसेंडी, भूपेंद्र दुग्गा, पवन कुमार कोमरा, सरवन दुग्गा, सोमजी दुग्गा, जगनू राम, मंगिया यादव, नरेंद्र जैन, वीरसिंह दुग्गा, मंगलूराम दुग्गा, बीरसिह दुग्गा व अन्य लोग उपस्थित रहें।







